AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देगा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में ग्रामीण एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के संदेश व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्ताव पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की कवायद शुरू कर दी है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय की क्रीड़ा परिषद को इसकी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है।

कुलपति ने रूपरेखा बनाने के दिए निर्देश

प्रो. राय ने क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो. रूपेश कुमार ने पारंपरिक खेलों के विकास हेतु पांचों जिलों के संसाधनों व प्रचलन के आधार पर खेलों का चयन करने को कहा है। इनमें रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व लखनऊ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों को ग्रामीण व पारंपरिक खेलों से जोड़ने की रूपरेखा बनाई जाए। इससे खिलाड़ियों की प्रतिभा व ऊर्जा की पहचान कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए प्रेरित किया जा सके। पारंपरिक खेलों के विकास के लिए लविवि क्रीड़ा परिषद जल्द ही पारंपरिक खेलों का चिह्नीकरण व क्रियान्वयन का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

16 जिलों के गांव में करेगा सतत विकास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग सामुदायिक भागीदारी के जरिए 16 जिलों में सतत विकास के लिए गांवों में काम करेगा। साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर क्रियात्मक शोध भी करेगा। विभाग को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद द्वारा एक प्रोजेक्ट दिया गया है। जिस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। विभाग के प्रो. राकेश द्विवेदी को यह प्रोजेक्ट मिला है। बतौर परियोजना निदेशक उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पूर्वी और केंद्रीय क्षेत्रों से 8-8 जिलों का चयन किया जाएगा। जिनको 64 उच्च शिक्षण संस्थानों का चयन करके, उनके द्वारा यहां के गांवों में सतत विकास की भूमिका का अध्ययन करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : शिखर को चार पदक

लखनऊ। लखनऊ विवि के विज्ञान संकाय में यूजी विद्यार्थियों को बृहस्पतिवार को पदक वितरित किए गए। इसमें बीएससी के शिखर श्रीवास्तव को सर्वाधिक चार व प्रेक्षा मिश्रा और वरुण साहू को 2-2 पदक दिए गए। डीन साइंस प्रो. बृजेंद्र सिंह ने विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में मेडल वितरित किया। शिखर श्रीवास्तव को भास्कर आत्माराम देवधर मेमोरियल गोल्ड मेडल, हिवेट सर हरनाम सिंह गोल्ड मेडल, प्रोफेसर एसके सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल व उदय शंकर शुक्ला मेमोरियल गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया। वहीं प्रेक्षा मिश्रा को सुग्गा बीबी गोल्ड मेडल व रामसहाय निगम गोल्ड मेडल और वरुण साहू को उर्मिला कृष्ण मोहन श्रीवास्तव गोल्ड मेडल व एमबी सिंह गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि की स्नातक परीक्षाएं संपन्न

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षाएं बृहस्पतिवार को समाप्त हो गईं। लगभग एक महीने तक परीक्षाओं का आयोजन किया गया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बृहस्पतिवार की परीक्षा में पहली पाली में यूजी-पीजी में 88991 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें से 5146 अनुपस्थित थे, जबकि दूसरी पाली में 323 में से 8 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। अभी पीजी की परीक्षाएं चलेंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

विज्ञान के मेधावियों को गोल्ड मेडल मिले

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत स्नातक स्तर के छात्रों को पदक दिए गए। शिखर श्रीवास्तव, प्रेक्षा मिश्रा और वरुण साहू ने क्रमशः चार और दो पदक प्राप्त किए।

शिखर श्रीवास्तव को बीए (प्रथम से तृतीय वर्ष) और बीएससी (प्रथम से तृतीय वर्ष तक) में फर्स्ट डिवीजन एवं सर्वाधिक अंकों से उत्तीर्ण होने के लिए भास्कर आत्माराम देवधर मेमोरियल गोल्ड मेडल दिया गया। बीएससी (प्रथम से तृतीय वर्ष) में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र होने के नाते हीवेट सर हरनाम सिंह गोल्ड मेडल भूगर्भ विज्ञान विषय में बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त नाते सुग्गा बीबी गोल्ड और भौतिकी ग्रुप में बीएससी (पीसीएम) पहले से तीसरे वर्ष तक प्रथम आने पर रामसहाय निगम गोल्ड से पुरस्कृत किया गया।

जानकारी के अनुसार वरुण साहू को गणित विषय में बीए पार्ट 3, बीएससी पार्ट 3 और बीएससी पास पार्ट 3 परीक्षा में सर्वाधिक प्राप्तांक के लिए उर्मिला कृष्ण मोहन श्रीवास्तव गोल्ड मेडल और एमबी सिंह गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया।

एलयू जिलों के खिलाड़ियों को निखारेगा

16 जिलों के गांवों का अध्ययन करायेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

अमृत विचार लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग जल्द ही प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांव बनाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा अदा की गई भूमिका एवं कार्यों का अध्ययन करने जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद द्वारा चयनित देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्तर प्रदेश से एकमात्र लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अध्ययन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रेक्षा मिश्रा को बीए (प्रथम वर्ष से तृतीय वर्ष तक), बीएससी (प्रथम वर्ष से तृतीय वर्ष तक), एलएलबी (प्रथम सेमेस्टर से छठे सेमेस्टर तक) कक्षाओं में सर्वोत्तम महिला विद्यार्थी होने के

रा 'मन की बात' में खेल जगत के लिए ावा देने का बहुमूल्य संदेश दिया गया। स संदेश को आगे बढ़ाते हुए यह प्रस्ताव दिया पारम्परिक खेलों के विकास के लिए विस्तृत पति आलोक कुमार राय ने पारम्परिक खेलों के ने का निर्देश दिया है।

JAGRAN CITY PAGE III

बीएससी में सर्वाधिक अंक वाले तीन मेधावियों को आठ स्वर्ण

लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को पदक एवं उपाधि वितरण समारोह में मेधावियों को दिए गए पदक ● सौजन्य : लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को पदक एवं उपाधि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएससी में सर्वाधिक अंक वाले तीन मेधावियों में आठ स्वर्ण पदक दिए गए। सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक बीएससी में अधिक अंक लाने के लिए छात्र शिखर श्रीवास्तव को दिए गए। वहीं, छात्रा प्रेक्षा मिश्रा को दो और वरुण साहू को दो स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. बृजेंद्र सिंह ने सभी मेधावियों को पदक व उपाधि देकर बधाई दी।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिखर श्रीवास्तव को भास्कर आत्माराम देवधर मेमोरियल स्वर्ण पदक, सर हरनाम सिंह गोल्ड मेडल, प्रो.एसके सिंह मेमोरियल स्वर्ण पदक और उदय शंकर शुक्ल मेमोरियल स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया।

- लवि के विज्ञान संकाय में पदक एवं उपाधि वितरण समारोह
- छात्र शिखर श्रीवास्तव को दिए गए सबसे ज्यादा चार मेडल

इन्हें मिले दो-दो स्वर्ण पदक

छात्रा प्रेक्षा मिश्रा को सर्वोत्तम महिला विद्यार्थी के लिए सुग्गा बीबी स्वर्ण पदक और भौतिकी ग्रुप में बीएससी (पीसीएम) पहले से तीसरे वर्ष तक प्रथम आने पर राम सहाय निगम स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया। छात्र वरुण साहू को गणित विषय में बीएससी पार्ट-3 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक के लिए उर्मिला कृष्ण मोहन श्रीवास्तव स्वर्ण पदक और एमबी सिंह स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे। यह सभी पदक दीक्षा समारोह 2021 के हैं।

लवि : बनेगी पारंपरिक खेलों के विकास की रूपरेखा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही पारंपरिक खेलों के विकास के लिए रूपरेखा तैयार करेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो. रूपेश कुमार ने पांच जनपदों में संसाधनों एवं प्रचलन के आधार पर खेलों का चयन कर लिया। इनमें लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर शामिल हैं। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही पारंपरिक खेलों के विकास के लिए परिषद समिति का गठन करेगी।

प्रो. अहमद बने शैक्षिक सहायता केंद्र के चेयरपर्सन : लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में एडमिशन प्रायकटर प्रो. मोहम्मद अहमद को विश्वविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। गुरुवार को सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

समाज कार्य विभाग को मिला शोध प्रोजेक्ट

जासं, लखनऊ : लवि के समाज कार्य विभाग के शिक्षक प्रो.राकेश द्विवेदी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद की ओर से एक शोध प्रोजेक्ट मिला है। इसमें विभाग जल्द ही उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांव बनाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से अध्ययन करेगा।

परियोजना निदेशक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी और केंद्रीय क्षेत्रों से आठ-आठ जिलों का चयन किया जाएगा। वहां से कुल 64 उच्च शिक्षण संस्थान चुनकर उनके माध्यम से गांवों को सतत बनाने की भूमिका का अध्ययन किया जाएगा।

डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन शुरू

जासं, लखनऊ : लवि में शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन शुरू हो गए। पहले दिन आनलाइन प्रक्रिया शुरू करने में शाम को छह बज गए। वेबसाइट lkouniv.ac.in पर निर्देश जारी कर दिए हैं। आवेदन के लिए 28 जून तक मौका है। फार्म का शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर के लिए एक हजार रुपये और एससी-एसटी एवं दिव्यांगों के लिए 500 रुपये है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

16 जिलों के गांवों का अध्ययन करायेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

अमृत विचार लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग जल्द ही प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांव बनाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा अदा की गई भूमिका एवं कार्यों का अध्ययन करने जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद द्वारा चयनित देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्तर प्रदेश से एकमात्र लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अध्ययन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

NBT PAGE 4

एलयू के दो नए कोर्सों में आवेदन 31 मई तक

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू नए शैक्षणिक सत्र से प्राकृतिक चिकित्सा और योगिक विज्ञान (बीएनवाईएस) विषय में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। प्रवेश के लिए एलयू की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की आखरी तारीख 31 मई है।

एलयू के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदक का कक्षा 12 में जीव विज्ञान में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े पांच साल होगी। इंस्टाट्यूट ऑफ योगिक स्टडीज के तहत चलने वाले कोर्स में 60 सीटों पर ड्रीम इजाम से प्रवेश होंगे।

प्राकृतिक चिकित्सा और योगिक विज्ञान में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू

इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले भी आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के समय छात्र की उम्र 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। पांच साल के इस कोर्स में एक साल की अनिवार्य इंटर्नशिप शामिल होगी।

विवि के प्रवक्ता के अनुसार बीएनवाईएस पाठ्यक्रम चिकित्सा विज्ञान से संबंधित है और इसमें उच्च रोजगार क्षमता है। इसमें शरीर की संरचना, शरीर क्रियाविधि, रोग के दौरान शरीर में होने वाले परिवर्तन और रोगों की पहचान करने के प्राकृतिक तरीकों जैसे चेहरे की आकृति विज्ञान आदि का अध्ययन किया जाएगा।

लविवि : दिव्यांश ने दर्ज कराया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के एमबीए फाइनल ईयर के छात्र दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक और साहसिक दोनों श्रेणियों में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाया। दिव्यांश ने पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाने का रिकॉर्ड बनाया है। हाल में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से दिव्यांश को इसका कन्फर्मेशन दिया गया। जल्द ही उनको यह ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने शुभकामनाएं दी हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

जिलों के गांवों की स्थिति का अध्ययन करेंगे छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग जल्द ही उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांव बनाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा अदा की गई भूमिकाओं एवं कार्यों का अध्ययन करने जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद द्वारा चयनित देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्तर प्रदेश से एकमात्र एलयू को इस अध्ययन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पैराग्लाइडिंग करते हुए गाने का रिकार्ड बनाया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के एमबीए छात्र दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव का इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज हुआ है। दिव्यांश ने पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाने वाले व्यक्ति के रूप में रिकार्ड बनाया है। इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में अपनी तरह का ये पहला रिकार्ड है। जानकारी के अनुसार दिव्यांश मूलरूप से सीतापुर के रहने वाले हैं।

एमएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी (सीएस) प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 30 अप्रैल से दो मई तक होंगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को कंप्यूटर साइंस विभाग में निर्धारित समय से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 30 अप्रैल को एमएससी (सीएस) सेमेस्टर -1 (सीएससीसी 105) की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। एमएससी (सीएस) सेमेस्टर -1 (सीएससीसी 104) की प्रयोगात्मक परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। कंप्यूटर साइंस विभाग ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया है। (जसं)

PIONEER PAGE 3

16 जिलों के गांवों की स्थितियों का अध्ययन करेगी एलयू की टीम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांवों की भूमिका को लेकर लखनऊ विवि के समाजकार्य विभाग की टीम स्थलीय अध्ययन करेगी। इसके लिए यूपी में लखनऊ विवि का चयन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद द्वारा किया गया है। समाज कार्य विभाग के शिक्षक व परियोजना निदेशक प्रो राकेश द्विवेदी ने बताया कि अध्ययन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पूर्वी और केंद्रीय क्षेत्रों से 8-8 जिलों का चयन किया जाएगा। जिनसे कुल 64 उच्च शिक्षण संस्थानों का चयन करके उनके द्वारा गावो को सतत बनाने की भूमिका का अध्ययन करते हुए समुदाय की आवश्यकता एवं समस्याओं की पहचान, गांव में सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं गांवों में अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था का आकलन किया जाएगा। अध्ययन के अंतर्गत सतत गांव को बनाने के लिए तीन मुख्य तत्व स्थानीय भागीदारी प्रक्रिया, प्राकृतिक संसाधनों का पुन:स्थापन एवं सतत गांव बनाने के लिए केंद्रित प्रणाली का अध्ययन क्रियात्मक शोध के द्वारा किया जाएगा।

जिलों में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देगी एलयू

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान खेल जगत के लिए ग्रामीण एवं पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के संदेश व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्ताव को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय सीमा विस्तार से जुड़े चार जिलों में पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देगा। इन पारंपरिक खेलों में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, गुल्ली डंडा, शतरंज, तीरंदाजी, पतंगबाजी आदि शामिल है। लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने पारम्परिक खेलों के विकास के लिए रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है। विवि क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो रूपेश कुमार ने पारम्परिक खेलों के विकास हेतु दिये गये निर्देशों के आधार पर पारम्परिक खेलों के लिए विभिन्न खेल एवं खेल के संसाधनों हेतु पाँच जनपदों को चिन्हित किया है।

डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन आज से

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी में शैक्षिक सत्र 2022-23 में डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन शुक्रवार दोपहर बाद से शुरू हो जाएंगे। आवेदन करने के लिए 28 जून तक का मौका दिया गया है। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर निर्देश पढ़कर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन फार्म का शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर ईडब्ल्यूएस के लिए एक हजार रुपये होगा. अनुसूचित जाति, जनजाति व दिव्यांगों के लिए 500 रुपये फीस है।

एलयू के छात्र ने बनाया रिकार्ड

लखनऊ। लविवि के व्यवसाय प्रशासन विभाग के दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक और साहसिक दोनों श्रेणियों में एक इंडिया बुक ऑफरिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने एकमात्र पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाने वाले व्यक्ति द्वारा एक रिकॉर्ड बनाया है। वह एकमात्र छात्र हैं जिन्होंने लखनऊ विवि की स्थापना के 102 वर्षों के भीतर यह रिकॉर्ड हासिल किया है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

हैदराबाद शिक्षा परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय का किया चयन

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्तर प्रदेश से लखनऊ विश्वविद्यालय को चयनित कर अध्ययन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग जल्द ही उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांव बनाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिकाओं एवं कार्यों का अध्ययन करेगा। यह जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. राकेश द्विवेदी ने बतौर परियोजना निदेशक दी।उन्होंने बताया कि अध्ययन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पूर्वी और केंद्रीय क्षेत्रों से आठ-आठ जिलों का चयन किया जाएगा, जिनसे कुल 64 उच्च शिक्षण संस्थानों का चयन करके उनके द्वारा गावों को सतत बनाने की भूमिका का अध्ययन होगा।

FIRST INDIA PAGE 13

PROUD MOMENT

Divyansh Kumar Srivastava (21) of the University of Lucknow's Department of Business Administration created an India Book of Records in two categories: cultural and adventure. He made a record as the first and only "person to sing on guitar while flying." He is the only student to achieve this feat in the University of Lucknow's 102-year history.

Promoting Traditional Sports

CITY FIRST

Recently during his speech in the program 'Mann Ki Baat' by the Honorable Prime Minister Narendra Modi, a valuable message was given to the sports world to promote rural and traditional sports. Prime Minister Narendra Modi has proposed to promote the traditional sports prevalent in all regions of the country including wrestling, kabaddi, kho-kho, tug of war, gulli-danda, chess, and archery, kite flying etc.

The Governor of Uttar Pradesh, Anandiben Patel, has also proposed that all the educational institutions of Uttar Pradesh should prepare a detailed framework for the development of traditional games and interest among students in these games.

In this sequence, respected Vice-Chancellor of Lucknow University, Prof Alok Kumar Rai, has instructed to prepare a roadmap for the development of traditional sports to fulfil the message of Hon'ble Prime Minister and the Hon'ble Governor. Secretary, Lucknow University Athletics Association, Prof Rupesh Kumar, based on the instructions given for the development of traditional sports, has identified five districts namely, Rae Bareli, Hardoi, Sitapur, Lakhimpur and Lucknow for the resources of various sports and traditional games.

A framework is being developed to integrate rural colleges with rural and traditional sports so that the skill and enthusiasm of rural athletes may be discovered and encouraged to participate in national and international sports. The LUAA will shortly organise a committee to promote traditional sports, which will offer a detailed proposal for identifying and implementing traditional sports.

Girls playing kabaddi

TOI PAGE 2

Paragliding LU student sings his way into India Book of Records

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Divyansh Kumar, an MBA final year student of Lucknow University, made an entry into India Book of Records by singing and playing the guitar at a height of 8,000 feet in Naukuchiatal in Uttarakhand.

Divyansh, 21, who sang, "Luka chuppi bahut hui, saamne aa ja naa, Kahan kahan dhoondha tujhe,Thak gayi hai ab teri maa...", dedicated his feat Lata Mangeshkar, India's most celebrated singer who died in February this year.

"I have been trying to make this record since last March. Twice it couldn't happen due to rain, once the pilot refused to fly the team and twice I had to cancel the plan due to Covid-19 and a casualty in the family," said Divyansh, who made the record in the combined category of culture and adventure.

"I am a singer and a guitarist, while I was about to leave for a trip to Nainital I searched a few paragliding videos for knowledge. While I was searching, I came across a video in which a boy was singing and playing guitar while paragliding," said Divyansh Kumar.

"Later, I found out that till now no record of singing while paragliding has been made by someone of my age," he added.